an>

Title: Need for four-laning of Bhiwadi - Alwar road in Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 से धारूहेड़ा व भिवाड़ी से अलवर जाने वाले मार्ग पर यातायात में गत वर्षों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी हुई है। भिवाड़ी, खुशखेड़ा, चौचानकी व आसपास के अन्य क्षेत्रों के तीव्र औद्योगिक विकास व बढ़ती हुई आवासीय कालोनियों के कारण भिवाड़ी - अलवर मार्ग अब मांग के अनुरूप छोटा पड़ता है। भिवाड़ी-अलवर मार्ग को चार लेन में परिवर्तित करने की महती आवश्यकता है। माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से प्रार्थना है कि भिवाड़ी - अलवर मार्ग को चार लेन, में परिवर्तित किये जाने हेतु केन्द्रीय सड़क निधि से बजट आबंटित करें।